समग्र शिक्षा केरल

SECOND TERM EVALUATION 2022-23

दूसरा कार्यकालांत मूल्यांकन

कक्षा 7 **हिंदी** **समय : 2 घंटे**

सामान्य निर्देशः

- पंद्रह मिनिट का कूल ऑफ़ टाइम प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।
- गतिविधि 1 का उत्तर लिखना अनिवार्य है।
- 2 से 6 तक की गतिविधियों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें।

गतिविधि 1

सूचनाः खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

दुनिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता है 'ओलिंपिक'। इसका नाम ग्रीस के ओलिंपस पर्वत से जुड़ा हुआ है। इसलिए इस खेल का नाम 'ओलिंपिक' पड़ा। ओलिंपिक के झंडे में प्रतीक चिह्न के पाँच रंग हैं - नीला, पीला, काला, हरा और लाल। ओलिंपिक खेल के उद्देश्यों में एक है विश्व की एकता। हर साल 23 जून को ओलिंपिक दिवस मनाया जाता है।

(क) ओलिंपिक खेल की शुरुआत कहाँ हुई?

अ) ग्रीस आ) भारत

इ) नेपाल ई) जापान

(ख) ओलिंपिक के झंडे में प्रतीक चिह्न के कितने रंग हैं?

अ) चार आ) पाँच

इ) तीन ई) नौ

(ग) ओलिंपिक दिवस कब मनाया जाता है?

अ) जून 5 आ) जून 23

इ) जून 19 ई) जुलाई 21

(घ) ओलिंपिक खेल का नाम किस पर्वत से जुड़ा हुआ है?

अ) एवरेस्ट आ) ओलिंपस

इ) अरावली ई) नीलगिरी

(ङ) यहाँ ओलिंपिक खेल का उद्देश्य क्या बताया गया है?

अ) विश्व का संघर्ष आ) विश्व की एकता

इ) विश्व युद्ध ई) विश्व की अशांति

educationobserver.com

गतिविधि 2

सूचनाः 'एक दौड़ ऐसी भी' पाठ का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> सीटी बजी, सभी दौड़ पड़े। बहुत तेज़ तो नहीं पर उनमें जीतने की होड़ ज़रूर तेज़ थी। सभी जीतने की उत्सुकता के साथ आगे बढ़े।

(क) **अनुवाद करें** - सीटी बजी सभी दौड़ पड़े।

(ख) 10 जनवरी को आपके स्कूल के मैदान में खेल प्रतियोगिता होनेवाली है। इसके लिए एक **पोस्टर** तैयार करें।

गतिविधि 3

सूचनाः 'ज़रूरी खुराक़' एकांकी का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

> आज सुबह लगभग 5 बजे जापान का टोक्यो शहर जबर्दस्त भूकंप के कारण तबाह हो गया है। कितनी ही इमारतें ज़मीन में धँस गई हैं। हज़ारों लोग मलबे के नीचे दबे पड़े हैं।

(क) जापान के किस शहर में भूकंप हुआ था?

(ख) सूचकों के आधार पर **सामाचार** तैयार करें।

- जापान में भूकंप
- सुबह पाँच बजे
- हज़ारों लोगों की मौत
- इमारतों का नाश
- रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 7.1

गतिविधि 4

सूचना: कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

नन्ही चींटी जब दाना लेकर चलती है,
चढ़ती दीवारों पर सौ बार फिसलती है।
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है,
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है।
आखिर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती,
कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती।

(क) 'पराजय' के लिए कविता में प्रयुक्त शब्द कौन-सा है?

(ख) कवितांश से तुकवाले पद चुनकर लिखें। जैसे: चलती है- फिसलती है

(ग) कवितांश का आशय लिखें।

गतिविधि 5

सूचना: 'एक दौड़ ऐसी भी' पाठ का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

लड़के की दशा देख एक बच्ची ने उसे अपने गले से लगा लिया, और उसे प्यार से चूम लिया, यह कहते हुए कि अब ठीक हो जाएगा।

(क) यहाँ लड़की का कौन-सा मनोभाव प्रकट होता है?

अ) हमदर्दी	आ) क्रोध
इ) विद्वेष	ई)भय

(ख) सूचकों के आधार पर बच्ची और लड़के के बीच के वार्तालाप की पूर्ति करें।

बच्ची : रो मत, कैसे गिर पड़ा?
लड़का : ....
बच्ची : ....?
लड़का : ....
बच्ची : ....

- जल्दी ठीक हो जाएगा
- ठोकर खाकर गिरा
- हाँ, थोड़ा-सा
- दर्द हुआ क्या

गतिविधि 6

सूचनाः कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

चींटी के आगे
हाथी खड़ा था
हाथी के पाँव पे
चींटा चढ़ा था
चींटी ने डाँटा-
नीचे आ जा!
चींटा बोला-
बाय-बाय टाटा !

(क) सही मिलान करें।

हाथी चींटी के आगे	बाय-बाय टाटा
चींटा हाथी के	कि नीचे आ जा
चींटी ने डाँटा	खड़ा था
चींटा बोला	पाँव पर चढा था

(ख) कवितांश के लिए शीर्षक दें।